>

Title : Need to set up a Mega cluster for development of leather industry in Faizabad district, Uttar Pradesh.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): अल्पसंख्यक क्षेत्रों में विभिन्न कुटीर उद्योगों जैसे हैण्डलूम, कालीन उद्योग, पीतल का काम आदि को सरकारी सहायता व उद्योगों के विकास के संदर्भ में देश के कई स्थानों पर क्लस्टर बनाने की पिछले वर्षों में सरकार ने योजना बनाई थी।

जूता उद्योग जिसमें उल्पसंख्यक बहुत बड़ी तादात में लगा है, के संदर्भ में कोई भी मेगा क्लस्टर योजना अभी तक नहीं बनी है। उत्तर प्रदेश में आगरा के बाद फैजाबाद जो कि मेरे लोकसभा क्षेत्र का मुख्यालय है, में हजारों की तादाद में जूता निर्माण कारोबार से अल्पसंख्यक जुड़े हैं।

जूता उद्योग को प्रोत्साहन व सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद फैजाबाद में मेगा क्लस्टर योजना को बनवाने का कष्ट करें ताकि यहां के कारीगरों को कच्चा माल व अपने माल को बेचने की मंडी स्थानीय स्तर पर मिल सके। इस हेतु सरकार प्रयास करें।